# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 02 श्रावण, 1941 (श०) / 24 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 231

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 123 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 33 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 38 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 09 |
| (8) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग -- | 231 |

लाइट की मरम्मती

'क'-*1589. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड नानपुर के पंचायत भदीयन के पंचायत भवन के नजदीक लगा हाईमास्ट लाइट करीब 3 वर्षों से खराब है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित हाईमास्ट लाइट को मरम्मत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

'ख'-*1592. श्रीमती अनिता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखंड नासरीगंज के नगर पंचायत नासरीगंज में पोस्टल रोड की स्थिति अत्यन्त जर्जर है, जिससे यातायात प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1999. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड मुख्यालय से रेफरल अस्पताल तक एवं खुटवारा से कांटी तक जानेवाली सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पथ के निर्माण हेतु वर्ष 2018 में निविदा आमंत्रित होकर संवेदक को कार्य आवंटित भी किया गया परन्तु अभियंताओं की लापरवाही से निर्माण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराकर विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क/पुल का निर्माण कराना

*2000. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अगस्त, 2017 की प्रलयंकारी बाढ़ में किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के कैरिबीरपुर से चैनपुर भाया बिशनपुर तथा हल्दीखोड़ा से जागीरबस्ती तक जानेवाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का नवीकरण

*2001. श्री चंद्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के ग्राम-पड़रिया से भाया भदौल, धरगाँव को जोड़ने वाली सड़क मुरलीगंज प्रखंड अन्तर्गत भतखोरा, हवीब चौक से बेलारी एवं मधेपुरा प्रखंड के पड़रिया से भाया मछबखड़ा, नरसिंग बाग को जोड़ने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन सड़कों को नवीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 18 जुलाई, 2019 को सदन द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

'ख'-दिनांक 18 जुलाई, 2019 को सदन द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

पुल का निर्माण

*2002. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंडान्तर्गत ग्राम-रतौली-जरौली के एवं गढ़िया, विसनपुर के मध्य में पुल नहीं रहने के कारण लोगों को यातायात के लिये कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आम लोगों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुये विगत दो वर्ष पूर्व सरकार द्वारा उक्त स्थलों का सर्वे करवाकर डी0 पी0 आर0 तैयार कराया जा चुका है, परन्तु अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण कराना

*2003. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत राज्य उच्च पथ 77 नरहैया के निकट से समेली गाँव होते हुये राष्ट्रीय उच्च पथ 31 क्रॉस कर मधेली, बरारी एवं रोनिया होते हुये कटिहार नगर के शरीफगंज तक जानेवाली पथ को पथ निर्माण विभाग द्वारा विगत छः माह पूर्व अधिग्रहण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यातायात की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण एवं कई प्रखंडों को कटिहार शहर से जोड़ने वाली उक्त पथ जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूर्ण कराना

*2004. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी अनुमंडल में लोअर, मोरहर नहर से मुडेरा माइनर, सिंघापुर डिस्ट्रीब्यूटरी एवं अन्य सिंचाई योजनाओं का निविदा लगभग 8 (आठ) वर्ष पूर्व हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनाओं की लागत राशि 834 करोड़ रुपये थी जिसमें लगभग 650 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं किन्तु सभी योजना अधूरी और लम्बित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित योजनाओं को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2005. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा विधान सभा क्षेत्र के थरथरी प्रखंड स्थित अमेरा से रूपसपुर, दूधीचक व ओली बिगहा ग्राम के सम्पर्कता हेतु अनुशंसित होने के बावजूद उसका निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन

*2006. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान सभा क्षेत्र के खुदिया पंचायत के ग्राम-अफजल नगर, भूना पंचायत के ग्राम-मंजूरा सहित अन्य पंचयतों में पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार है, किन्तु उद्घाटन नहीं होने के कारण वहाँ काम-काज नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विधान सभा क्षेत्र में निर्मित पंचायत सरकार भवनों का उद्घाटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*2007. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गोरौल प्रखंड में दिसम्बर, 2013 में निर्मित बक्सामा चौक से भाबली पोखर तक सड़क जर्जर अवस्था में होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनियमितता की जाँच एवं दोषी पर कार्रवाई

*2008. श्री रत्नेश सादा--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 10 मई, 2019 के अंक में प्रकाशित खबर ''घटिया निर्माण पर ग्रामीणों ने जताया विरोध'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यही बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बनमा ईटहरी प्रखंड के परसाहा ग्राम में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत परसबन्नी से रामपोखर जाने वाली सड़क एवं पुलिया के निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों एवं पुलियों के निर्माण कार्यों की जाँच कराते हुए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनियमितता की जाँच

*2009. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखण्ड के हसनपुर पंचायत के मुखिया के विरुद्ध जिला प्रशासन ने नल-जल योजना में भ्रष्टाचार के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर पदमुक्त करने की कार्रवाई प्रारम्भ की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भ्रष्टाचार में समान रूप से दोषी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरौली, पंचायत सचिव, हसनपुर और संबंधित अभियंता पर कोई कार्रवाई नहीं की गई ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भ्रष्टाचार में समान रूप से दोषी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरौली, पंचायत सचिव, हसनपुर और संबंधित अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2010. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखण्ड अन्तर्गत रोहनीया पंचायत में एम0 एम0 जी0 एस0 वाई0 से नहर के दोनों तरफ रोड का निर्माण 7 वर्ष पूर्व में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर पुल के अभाव के कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर के दोनों तरफ से बने सड़क के बीच में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2011. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत कुदरा-चेनारी एस0 एच0 पथ से मलहर से नरायणपुर होते शिवसागर-चेनारी एस0 एच0 पथ तक, एवं चेनारी प्रखंड के बसनारा से सदोखर-तुर्की होते चेनारी-शिवसागर एस0 एच0 पथ तक की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथों से बसनारा, तुर्की एवं किनरचोला, मथहीं सहित पच्चासों गाँवों का आवागमन होता है जिसके जर्जर रहने से आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को पथ निर्माण विभाग में शामिल कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आहरों का जीर्णोद्धार

*2012. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के मेधु बाँध एवं लढिया आहर दस वर्षों से जर्जर है, जिससे पानी का बहाव हो जाता है तथा किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहरों का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मॉडल प्रखण्ड भवन का निर्माण

*2013. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड कार्यालय में भवन की कमी रहने से पदस्थापित पदाधिकारी/कर्मियों को प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में मॉडल प्रखंड भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का कालीकरण

*2014. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड के बागमती नदी पर उत्तरी एवं दक्षिणी बाँध दोनों तरफ से निर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बागमती उत्तरी एवं दक्षिणी तटबंध का पश्चिमी छोर NH-77 को तथा पूर्वी छोर NH-57 को जोड़ती है, यह दोनों तटबंध कई प्रखंडों के साथ सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी के लोगों के लिए बहुआयामी आवागमन का साधन है जो अभी जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों तरफ से बाँध का कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2015. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के झमटा पंचायत में झमटा घाट में पनार नदी पर पुल निर्माण का निविदा एक वर्षों से लंबित है, जबकि पुल नहीं रहने से आम लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पुल निर्माण का निविदा निकाल कर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नदी पर पुल निर्माण

*2016. श्री अशोक कुमार सिंह(224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पंचायत बघौरा कसवां-पीरवां पथ में ग्राम-अपकी के पास धावा नदी पर पुल नहीं है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कासवां-पीरवां पथ में ग्राम-अपकी के पास धावा नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । कसवां-पीरवां पथ से पीरवां बसावट को सम्पर्कता प्रदान है एवं बसावट अपकी को L067 से अपकी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सम्पर्कता प्रदत्त है । प्रश्नाधीन पुल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखण में नहीं पड़ता है ।

(2) अस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि कसवां-पीरवां पथ के आरेखन में अपकी ग्राम अवस्थित नहीं है । अपकी ग्राम को L067 से अपकी पथ जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत निर्मित है से सम्पर्कता प्रदत्त है । कसवां, पीरवां पथ, पथ निर्माण विभाग अन्तर्गत पूर्व से निर्मित है । पीरवां से अपकी के बीच में धावा नदी पड़ता है । इस आरेखन पर कोई योग्य बसावट नहीं है । अतः इसे किसी कोर नटवर्क में शामिल नहीं किया गया है । इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है ।

---------

पथ का निर्माण

*2017. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि झारखंड राज्य के गोड्डा जिला से बिहार राज्य के भागलपुर जिला को जोड़ने वाली सन्हौला-हनवारा पथ में गेरूआ नदी पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल में गोड्डा जिले से चढ़ने हेतु एप्रोच सड़क का निर्माण हो गया है, लेकिन भागलपुर से पुल पर चढ़ने हेतु एप्रोज पथ निर्माण के लिये तीन वर्ष पूर्व भूमि का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन भू-स्वामियों को भूमि की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे एप्रोच पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त एप्रोच पथ हेतु भू-स्वामी को राशि का भुगतान करते हुये एप्रोच पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*2018. श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के अंतर्गत न्यू बाईपास के बेउर मोड़ से बेतौड़ा पथ जर्जर है जबकि उक्त पथ के जीर्णोद्धार का कार्य वर्ष 2018-19 की कार्य योजना में शामिल रहने के बावजूद आजतक नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर बेउर मोड़ से बेतौड़ा पथ का जीर्णोद्धार करने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2019. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के घोघा गोल सड़क से सन्हौला, पंजवारा (बांका) को जोड़ने वाली स्टेट हाईवे पथ का निर्माण बिहार रोड विकास निगम द्वारा दो ग्रुप में 1. घोघा से बटसार और 2. बटसार से भेड़ामीर पंजवारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घोघा से बटसार निर्माणाधीन कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क निर्माण का सतत् निगरानी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । घोघा से पंजवारा स्टेट हाईवे सं० 84 (43.35 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य एशियन डेवलपमेंट बैंक सम्पोषित BSHP-III अन्तर्गत (1) घोघा से बाजार (0.00 कि० मी० से 21.00) (2) बाजार से पंजवारा (21.00 कि० मी० से 43.35 कि० मी०) का निर्माण कार्य बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है ।

(2) अस्वीकारात्मक है । घोघा से बाजार पथ का वर्तमान में चौड़ीकरण कार्य प्राक्कलन में प्रावधानित मानक विशिष्टियों के अनुरूप कराया जा रहा है ।

(3) सड़क निर्माण की सतत् निगरानी हेतु प्राक्कलन में प्रावधानित प्रत्येक अव्यवों की जाँच दिन प्रतिदिन की जाती है जिसके लिये पर्यवेक्षण परामर्शी प्रतिनियुक्त है एवं उनके जाँचोपरान्त सही पाये जाने पर ही निर्माण कार्य का भुगतान किया जाता है ।

--------

सड़क की मरम्मती

*2020. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कार्य प्रमंडल, बेगूसराय अन्तर्गत एन० एच० 31 से बहदरपुर दुर्गा स्थान एवं एन० एच० 31 से भैरवार, कामाथान होते हुये मेनका चौक तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*2021. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया-बखड़ी पी० डब्लू० डी० पथ में बेला से रानी सकरपुरा तक कच्ची सड़क रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*2022. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के अगियाँव प्रखंड अन्तर्गत चिलहर से ताराचक तक 2 कि० मी० कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पक्कीकरण

*2023. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के बालू टोला से सधदैली So-35 तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ पूरक राज्य कोर नेटवर्क के क्रमांक-9141 पर So-35 से बालू टोला-सधुदैली पथ के नाम से अंकित है, जिसकी लम्बाई 1.50 कि० मी० है। उक्त पथ के निर्माण हेतु डी० पी० आर० शीर्ष एम० एम० जी० एस० वाई० योजनान्तर्गत तैयार कराया जा रहा है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

------------

सड़क का निर्माण

'ग'-*2024. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड के लक्ष्मीपुर शिवनारायण शर्मा के घर से कड़वाना महेन्द्र यादव के घर तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*2025. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर-संजात पथ एवं समसा-विजैया पथ विगत 15 वर्षों से जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है, साथ ही आये दिन दुर्घटना घटित होती रहती है,

यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट—'ग'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 6108, दिनांक 4 जुलाई, 2019 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

नाला का निर्माण

*2026. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखण्ड से झंझारपुर आर० एस० बाजार तक जाने वाली सड़क में दोनों तरफ नाला नहीं रहने के कारण सड़क पर जल-जमाव रहता है जिससे आने-जाने में आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ के दोनों तरफ नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चेक डैम का निर्माण

*2027. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखण्ड के बरसण्डा ग्राम के पास महाने नदी में चेक डैम का निर्माण नहीं होने के कारण सिंचाई के अभाव में 200 एकड़ जमीन में लगी फसल नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के पास महाने नदी में चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*2028. श्री अशोक कुमार (208)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 8 हजार 400 पंचायत सरकार भवन के विरुद्ध अबतक मात्र 1,400 पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाकी बचे 7 हजार पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

फसल की क्षतिपूर्ति

*2029. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में खरीफ और रब्बी के फसल का पटवन नहीं हुआ है फिर भी पटवन का पैसा कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज द्वारा वसूला जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पथ का निर्माण

*2030. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के उदाकिशुनगंज प्रखंड अन्तर्गत एन० एच० 106 से विशुनपुर, अरार पथ जिसकी लम्बाई 1.25 किलो मीटर एवं लक्ष्मीपुर से मोहमडीह पथ जिसकी लम्बाई 2.73 किलो मीटर का निर्माण ब्रिक्स बैंक योजनान्तर्गत कराने हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, उदाकिशुनगंज से दिसम्बर, 2018 में मुख्य अभियंता-2 के माध्यम से मुख्यालय में समर्पित किया गया है, लेकिन प्रशासनिक अनुमोदन नहीं मिलने के कारण उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बित पड़ा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथ के निर्माण हेतु प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने का विचार रखती है ?

---------

तालाब का सौंदर्यीकरण

*2031. श्री फराज फातमी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के सढ़वाड़ा गाँव में ऐतिहासिक राजोखर पोखर है जिसका थाना नं० 144, तौजी नं०5423, खेसरा 1975पु०, 3291नया, रकबा 52 एकड़ है जिसकी गहराई मिट्टी भराव के कारण कम हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोखर सैराती है तथा इसका निर्माण भीषण आकाल से निपटने एवं जल संरक्षण के दृष्टिकोण से वर्ष 1829 में कराया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोखर की उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर से सिंचाई सुविधा एवं पथ का निर्माण

*2032. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखंड के अधीन शेरपुर से चाँदमारी होते हुये नहर उसरी बाँध तक जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में इससे पटवन होती थी परन्तु आज वह मृतप्राय है एवं इससे पटवन का कार्य विगत 20 वर्षों से नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुये नहर के दोनों ओर पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*2033. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघड़डीहा प्रखंड के ब्रह्मपुर ग्राम में एन० एच० 57 प्रेमलाल यादव के घर से ब्रह्मपुर गाँव होते हुये बद्री साह के घर तक जाने वाली सड़क विगत 4 वर्षों से जर्जर स्थिति में है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2034. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्र में खानपुर प्रखंड अन्तर्गत कानुविशनपुर, मटुआ पथ पर स्थित बोआरे नाला पर अबतक पुल का निर्माण नहीं होने के वजह से स्थानीय लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*2035. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखंड में जितौरा मीडिल स्कूल से विहियाँ राजवाहा (सनेया पुल) तक भाया गोकुल टोला के बीच कच्ची सड़क जर्जर होने से छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन का मुआवजा

*2036. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, पी० डब्लू० डी० विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड कटहा घाट पुल बिहार राज्य पुल निगम लि० द्वारा बनाया जा रहा है, जिसमें अभीतक वहाँ के किसानों द्वारा लिया गया जमीन की राशि अभीतक भुगतान नहीं किया गया है, किसान द्वारा मुआवजे की माँग करने पर संवेदक द्वारा रंगदारी का मुकदमा दर्ज कर दिया है और किसानों के जमीनों का मुआवजा देने में आनाकानी कर रहा है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित किसानों का जमीन का मुआवजा के साथ-साथ केस वापस लेने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय का निर्माण

*2037. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2011-12 और 2012-13 में निर्मल भारत अभियान एवं लोहिया स्वच्छता योजनान्तर्गत स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लगभग 20 लाख परिवारों के लिये शौचालय का निर्माण कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वयंसेवी संगठनों द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने एवं राशि का बंदरबांट करने के कारण सभी शौचालय ध्वस्त हो चुके हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर पुनः शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*2038. श्रीमती संगीता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के महिन्दवारा से कुंडल जाने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

*2039. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड स्थित वर्ष 2018-19 में मोरिया बेसिक स्कूल से फकुली तक मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, परन्तु संवेदक द्वारा आधा-अधूरा सड़क निर्माण कर पूर्ण राशि की निकासी कर ली गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप को चालू कराना

*2040. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत द्वालख एवं महपतिया में आजतक राजकीय नलकूप का निर्माण नहीं कराया गया है तथा वहाँ सिंचाई का अन्य स्रोत भी उपलब्ध नहीं है, जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायतों में नलकूप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । लघु जल संसाधन विभाग द्वारा नया नलकूप लगाने की वर्तमान में कोई योजना नहीं है । विभाग में अनुदान आधारित बिहार शताब्दी निजी नलकूप योजना क्रियान्वित की जा रही है । इस योजना में किसान जिनके पास कम-से-कम 40 डिसमिल कृषि योग्य जमीन है, अपना निजी नलकूप लगा कर अनुदान प्राप्त कर सकते हैं ।

---------

स्लूईस गेट लगवाना

*2041. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्डान्तर्गत सारण तटबंध (बड़का बाँध) एवं मगरपाल सड़क, (छोटकी बाँध) का ऊँचीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य कराया गया है, जिससे दोनों बाँध के बीच में स्थित बैजलपुर जमुनी, बैजलपुर केशो, कल्याणपुर सेमरा, शिकारपुर दरियापुर इत्यादि दर्जनों गाँव में बरसात के दिनों में जल-जमाव की समस्या उतपन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त समस्या से निजात दिलाने हेतु बैजलपुर केशो गाँव में जल भरत स्थान और नमका टोला (भगवती स्थान) के बीच में मगरपाल छड़की पर एक स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ निर्माण कराना

*2042. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अचल जितवारपुर के मौजा धर्मपुर निसनामा (ग्राम पंचायत मुसापुर) वार्ड नं० 11 में रेलवे गुमटी के निकट से भाभा भेहार टोली होते हुये राजगीर पासवान के टोला तक संपर्क पथ नहीं है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संपर्क पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का जीर्णोद्धार

*2043. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में शीर्ष एफ० डी० आर० योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल किशनगंज 2 के अधीन बाढ़ से ध्वस्त पुलों यथा एस० एच० 63 कलभर्ट चौक से वामनडांगी रोड के बीच "ठाकुरगंज से खारूदह पथ के चैनेज के पास" के निर्माण हेतु डी० पी० आर० तकनीकी अनुमोदनोपरांत अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, किशनगंज के क्रमश: पत्रांक 1908, दिनांक 6 दिसम्बर, 2018 एवं पत्रांक 1716, दिनांक 26 अक्तूबर, 2018 के द्वारा मुख्य अभियंता 4, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार को भेजा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पुलों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कैनाल की उड़ाही

*2044. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत धरमपुर कैनाल (5आर० डी०) जिसकी लम्बाई 15 किलोमीटर है, उसकी उड़ाही का निविदा पिछले वर्ष कराया गया था, किन्तु । वर्ष बीत जाने के बाद भी मात्र 3 (तीन) किलोमीटर की उड़ाही ही हो पायी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कैनाल की उड़ाही कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाला की उड़ाही

*2045. श्री हरीशंकर यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड स्थित जयप्रकाश नाला की उड़ाही नहीं होने के कारण इसकी स्थिति जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अनियमितता की जाँच एवं दोषी पर कार्रवाई

*2046. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत बड़हरा प्रखण्ड के जीवाराय के टोला, से पिपरपाती होते हुये मौजमपुरा बरजा तक एवं सेमरिया पड़रिया बाँध पर मिट्टी भराई एवं बाँध कटावरोधक कार्य वर्ष 2018 के अप्रैल, माह में की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि कटावरोधक कार्य होने के बाद बाँध कटाव एवं गलत कटावरोधक कार्य किये जाने के कारण कटाव निरंतर जारी है जिसकी जाँच उड़नदस्ता पटना द्वारा मई, 2018 में किया गया था, तो कार्य अनियमिततापूर्ण पायी गई थी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध के अनियमिततापूर्ण कार्य की जाँच कराने एवं दोषी पदधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सदस्यों के मानदेय में वृद्धि

*2047. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत चुने गये सभी सदस्यों का मानदेय अत्यल्प है, जिसके कारण पंचायत राज व्यवस्था में वे कारगर भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार पंचायत राज व्यवस्था के सशक्तीकरण हेतु त्रिस्तरीय पंचायत के सभी सदस्यों के मानदेय में कबतक वृद्धि करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

---

साईडवॉल का निर्माण

*2048. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के प्रखंड नारदीगंज अन्तर्गत मध्य विद्यालय, समड़ी से जदुपुर होते ग्राम-मदौर महादलित टोला तक खूरी नदी में साईडवॉल नहीं रहने के कारण कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर साईडवॉल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभुकों को पेंशन

*2049. श्री (मोहम्मद) नवाज आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखंड कार्यालय द्वारा वृद्धा पेंशन के लिए 1,300 फॉर्म अनुमोदन कर एस0 डी0 ओ0 कार्यालय को फरवरी, 2019 में दे दिया गया है, किन्तु अभीतक लाभुकों का पेंशन स्वीकृत नहीं किया गया है, जिससे वृद्ध एवं गरीब परिवार के लोग परेशान हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वृद्ध पेंशनर लाभुकों को वृद्ध पेंशन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2050. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सकरा प्रखंड में नून नदी के बेरूआडीह घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से चेहरा कला प्रखण्ड से सकरा प्रखण्ड जाने में लोगों को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ के निर्माण की जाँच

*2051. श्री (डॉ0) सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के निशिऔना, धर्मपुर पंचायत में निशिऔना हाई स्कूल के मुख्य गेट से खेल के मैदान तक जाने वाली सड़क तथा हाई स्कूल के प्रांगण के चारों तरफ PCC ढ़लाई वर्ष 2017-18 में किया गया था, परंतु ढ़लाई के 6 माह बाद से ही उक्त पथ जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के निर्माण कार्य की जाँच कराते हुए संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*2052. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत चांडी गाँव के पूर्वी भाग में अधवारा समूह की नदी गुजरती है जिससे गाँव के रक्षा के लिए रक्षा बाँध बनी हुई है, जो जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध के किनारे रक्षा दिवाल एवं बाँध पर पी0 सी0 सी0 सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## नदी में फाटक का निर्माण

*2053. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना, फुलपरास, घोघरडीहा एवं मधेपुर प्रखंड से होकर गुजरने वाली नदी भूतही बलान गर्मी के मौसम में पूर्णतया सूख जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा अपने पत्रांक 11, दिनांक 22 फरवरी, 2019 द्वारा भवदीय को पत्र लिखकर खुटौना प्रखण्ड स्थित एकम भजनाहा पश्चिमी नहर में साईफन के पूर्वी छोर पर मुख्य नहर में फाटक का निर्माण कर नहर का पानी भूतही बलान नदी में छोड़ने का अनुरोध किया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कोसी मुख्य नहर पर एकम्मा साईफन के समीप फाटक का निर्माण कराकर भूतही बलान नदी में पानी छोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पुल का निर्माण

*2054. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड के गंडक नदी के सत्तर घाट पर पुल का निर्माण कार्य जून, 2019 तक पूर्ण कर लेना था जो अबतक नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो अभीतक लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने का क्या औचित्य है ?

----------

## सड़क का निर्माण

*2055. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के धुरयामा पंचायत में रघुनाथपुर महादलित टोला से बेलो महादलित टोला तक सड़क नहीं रहने से आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के बसावटों को निम्नवत सम्पर्कता प्रदत्त है ।

गया जिला के वजीरगंत प्रखंड के धुरयामा पंचायत में रघुनाथपुर महादलित टोला को राज्य योजना (विशेष अंगीभूत) अन्तर्गत निर्मित पथ पुनावाँ मोड़ से रघुनाथपुर महादलित टोला तक पथ जिसकी कुल लम्बाई 3.66 कि0 मी0 है, से सम्पर्कता प्रदत्त है । बेलो महादलित टोला को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ सिंघौरा पथ से बेलो जिसकी लम्बाई 1.26 कि0 मी0 है, से सम्पर्कता प्रदत्त है ।

प्रश्नाधीन पथ के दोनों बसावटों के बीच में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी के कोर नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है । इसके निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

अधिग्रहण करना

*2056. श्री अमर नाथ गामी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखंड अंतर्गत हायाघाट बाजार से अशोक पेपर मिल होते हुये जिला मुख्यालय तक जाने वाली सड़क की चौड़ाई दस फीट है, जबकि हायाघाट से जिला मुख्यालय जाने का यह मुख्य मार्ग है, जिससे उक्त मार्ग पर हमेशा भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है, परंतु सड़क की चौड़ाई कम रहने के कारण बराबर अप्रिय घटना घटती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल टूटने के कारणों को जाँचकर पुल का निर्माण कराना

*2057. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के अंतर्गत पश्चिम चम्पारण जिला के शेरहवा इनारबरवा के बीच मसान नदी पर आर० सी० सी० पुल का उद्घाटन दिनांक 11 जून, 2013 को किया गया था परंतु निर्माण के 6 वर्ष उपरांत ही पाया टूट जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे बगहा एवं रामनगर के दर्जनों गाँवों की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाँव को प्रखंड में शामिल करना

*2058. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड अन्धराठाढ़ी के मैलाम गाँव एवं गंगद्वार गाँव प्रखंड कार्यालय से 15 कि० मी० की दूरी पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंधराठाढ़ी प्रखंड और दोनों गाँव के बीच में कमला नदी है जिससे प्रखंड कार्यालय आने में आम लोगों को कठिनाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि गंगद्वार एवं मैलाम गाँव से राजनगर प्रखंड मुख्यालय की दूरी मात्र 6 कि० मी० है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मैलाम एवं गंगद्वार गाँव को राजनगर प्रखंड में सम्मिलित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*2059. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में आई भीषण बाढ़ के कारण सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड में नारंगा से शिवनगर होते फुलहारा एवं बबुरवन होते पंकड़िया सहित कुल 44 सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण आवागमन बाधित हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्क्षण उपरोक्त सभी सड़कों को ब्रिक वैट से भरकर आवागमन चालू कर दिया गया है, परंतु दो वर्ष उपरांत भी उक्त सड़कों का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का निर्माण

*2060. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में निबंधन मजदूरों को इलाज के लिये इ० एस० आई० अस्पताल नहीं है, जिसके कारण इन्हें इलाज हेतु कटिहार जाना पड़ता है, जिससे इन मजदूरों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्णियाँ में इ० एस० आई० अस्पताल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2061. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के गिरदा पंचायत के गिरदा गाँव से लरूआबाड़ी पी० डब्लु० डी० पथ तक की सड़क एवं सड़क में पुलिया कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण एवं पक्का पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आई० टी० भवन का निर्माण

*2062. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखंड के औराई प्रखंड परिसर में लगभग 15 एकड़ जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड कार्यकाल एवं अंचल कार्यकाल का भवन नहीं है, साथ ही पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय भवन नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय एवं आवासीय भवन के समस्या के निदान हेतु IT भवन की अति आवश्यकता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त IT भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2063. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत भगवानपुर हाट, बड़का गाँव पंचायत के शाह टोला में सड़क नहीं रहने से वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*2064. श्री श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड में बगहा-सेमरा पथ की चौड़ाई 2.75 मी० होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, जबकि सेमरा उरांव जनजाति की राजधानी कही जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्या ?

सड़क की मरम्मत

*2065. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड-मझौलिया के अमवा मझार से रामनगर बनकट तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है।

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.4 कि0 मी0 है। पथ का प्राक्कलन प्राप्त कर लिया गया है, जिसकी तकनीकी समीक्षा की जा रही है। प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

---

अनियमितता की जाँच एवं दोषी पर कार्रवाई

*2066. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कर्मकार क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान पूर्ण रूप से लाभार्थी को एकॉउन्ट पेयी चेक के माध्यम से देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा में वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 के बीच पदस्थापित उप-श्रमायुक्त-सह-कर्मकार प्रतिकर आयुक्त द्वारा क्रमशः वाद सं0 डब्लू0 सी0 डी0 02/2014, 04/2015, 01/2015, 02/2015, 04/2015 एवं सैकड़ों अन्य मामलों में एक ही तिथि में भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की राशि को बियरर एवं एकॉउन्ट पेयी चेक द्वारा दो भागों में बाँटकर भुगतान किया गया जो अनियमितता का द्योतक है जिसकी सूचना प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अपने पत्रांक 108 (पी), दिनांक 20 जुलाई, 2018 द्वारा प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग को दिया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वित्तीय वर्ष में पदस्थापित उप-श्रमायुक्त-सह-कर्मकार प्रतिकर आयुक्त द्वारा की गई अनियमितता की जाँच कर यथोचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डैम का निर्माण कराना

*2067. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड नौहट्टा के मटिआंव गाँव के पास कदवन जलाशय परियोजना 40 वर्षों से लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डैम का निर्माण 160 फीट ऊँचा कराने का प्रावधान है, जिससे 450 मेगावाट बिजली उत्पादन होना है तथा इस जलाशय का निर्माण होने से शाहाबाद के चार जिले मगध और पटना प्रमण्डल के कई जिलों के सिंचाई का प्रबंध हो जायेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डैम का निर्माण कार्य निश्चित समय-सीमा के अन्दर कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2068. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत पोईवा डिहरी के वाजितपुर से भुईयाँ बिगहा (हेतमपुर) तक तथा ग्राम पंचायत कुरमाह के टावर से कुरमाह जोगी बिगहा तक का पथ जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों को निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप से सिंचाई

*2069. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र से होकर गुजरनेवाली पुनपुन नदी के किनारे बसे ग्रामीणों के खेत की सिंचाई वर्ष 1965 के पूर्व नदी से सरकारी नलकूप द्वारा अनेकों स्थानों पर मोटर लगाकर होता था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनेकों स्थानों पर वर्तमान में भी विदेश निर्मित कीमती मोटर नदी किनारे अनुपयोगी पड़े हुए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षेत्र में सिंचाई पूर्व की भाँति नलकूप द्वारा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2070. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पटना पश्चिम, भवन प्रमंडल, दानापुर में अनुसुचित आवास संख्या 235/800 से 345/800 तक के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में लगभग प्रत्येक ब्लॉक वाईज 5 से 10 लाख रुपये का आवंटन हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटन के फलस्वरूप प्रति आवास जरूरत के हिसाब से मदानुसार कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जाता है, फिर भी संवेदक तथा कनीय अभियंता द्वारा मकान के लिए निर्धारित मदानुसार कार्य नहीं कराकर आवासित कर्मियों को प्राक्कलन की जानकारी दिये बना ही संपादित कार्य का फर्जी प्रमाण-पत्र तैयार कर राशि की निकासी कर ली गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित आवासों के मरम्मती कार्यों की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मत

*2071. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड-मंझौलिया प्रखण्ड के पंचायत चौक लाल सरईया से कठैया होते हुए सेनवरिया तक जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ।

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि मंझौलिया प्रखंड के पंचायत चौक लाल सरईया से कठैया होते हुए सेनवरिया तक पथ की निविदा प्राप्त कर ली गयी है। निविदा निष्पादन की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य करा लिया जायेगा ।

---

सड़क का चौड़ीकरण

*2072. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखंड के एन० एच० 31 बरसौनी से बड़ा ईदगाह जाने वाली सड़क कम चौड़ी होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कैनाल की मरम्मती

*2073. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इसलामपुर प्रखंड में उदेरा स्थान बराज से जुड़े औंगारी कैनाल एवं इसलामपुर कैनाल का निर्माण कार्य विगत तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था एवं वर्तमान में कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसके निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गयी है, जिससे वर्तमान में दोनों कैनालों में दरार होने लगा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता की जांच एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की खुदाई

*2074. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड के पसहरा लख से 11 नं0 लख तक नहर की खुदाई नहीं होने के कारण पानी नीचे स्तर तक नहीं जा पाता है जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर की खुदाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2075. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सहार प्रखंड में अंधारी सूर्य मंदिर से गाँव होते मुख्य सड़क तक का पथ जर्जर है, जिससे ग्रामीण जनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ भोजपुर जिला अन्तर्गत सहार प्रखंड में अंधारी सूर्य मंदिर से अंधार गाँव होते हुये मुख्य सड़क तक पथ का सर्वेक्षण कार्य बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 के अन्तर्गत करा लिया गया है । डी0 पी0 आर0 तैयार किया जा रहा है । तद्नुसार अग्रतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---

नहर का निर्माण

*2076. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा प्रखंड के लालदैया कोजवेज से ढाबकाश्मीर तक वैतरणी नहर का निर्माण नहीं होने से पानी की बर्बादी होती है, जिसके कारण आठ पंचायत खेती से वंचित हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वैतरणी नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2077. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड गोरेयाकोठी के पंचायत सिसई, उसरायन में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत भवन निर्माण कार्य की जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2078. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मुरलीगंज प्रखंड अन्तर्गत राज्य उच्च पथ 91, कार्तिक चौक, गुदर कला रोड, हरिपुर कला चौक से सिंगियान पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 रोड तक भाया जे0 बी0 सी0 साईफन, सड़क का निर्माण नहीं होने से यहाँ के निवासियों को आवागमन में परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2079. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा जिला के संदेश विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत संदेश प्रखंड के अखगाँव बाजार में तथा कोईलवर प्रखंड के सकड़ी गाँव में सड़क जर्जर है तथा जल-जमाव रहता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल निकासी हेतु नाला निर्माण के साथ-साथ उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2080. श्रीमती अनीता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखंड राजपुर में बक्स बाबा के समीप काँव नदी पर पुल नहीं है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय और मुख्य सड़क तक आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त काँव नदी पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2081. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड में रौन, मोरकाही के बीच मृत नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2082. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज-बहादुरगंज पथ निर्माण विभाग की सड़क के छठे किलो मीटर भेरियाडागी में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा पुल का निर्माण मार्च, 2018 से कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्ग जिले का सबसे व्यस्त मार्ग है, जो जिले की 75 प्रतिशत आबादी को जिला मुख्यालय से जोड़ती है, परंतु संवेदक द्वारा उक्त पुल का निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से कराया जा रहा है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य ससमय पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का एप्रोच पथ बनाना

*2083. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत दमला घाट पर पुल निर्माण विभाग द्वारा पुल का निर्माण विगत तीन वर्ष पूर्व किया गया है, परंतु आजतक पुल का एप्रोच पथ का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल की महत्ता बनाये रखने के लिये जनहित में पुल का एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2084. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के डिग्री कॉलेज जाने वाली सड़क में भसिया धार पर पुल निर्माण हेतु पुल का डी० पी० आर० वर्ष 2018-19 में तैयार हो गया है, लेकिन पुल का निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं किया गया है जिसके कारण डिग्री कॉलेज के मार्ग में जाने के लिये आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल का प्राक्कलन राज्य योजना (नाबार्ड) अन्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तदोपरांत अग्रतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

---

सड़क का निर्माण

*2085. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत इंगलिश-भेड़रिया रोड से धनौती-धर्मपुरा-चिरैला सड़क तथा बारून-दाउदनगर रोड से गौठौली सड़क जर्जर होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़क श्रेणी-1 की अर्हता रखती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) वर्तमान में बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति प्रभावी हो गया है जिसके अन्तर्गत अनुरक्षण अवधि के बाहर के सभी पथ शामिल हैं ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न दो पथों से संबंधित है--(I) इंगलिश भेड़रिया रोड से धनौती-धर्मपुरा-चिरैला तक पथ--प्रश्नाधीन पथ की स्वीकृति के फलस्वरूप निविदा प्राप्त की जा चुकी है । निविदा निष्पादन के फलस्वरूप इसकी मरम्मती करायी जानी संभव हो सकेगी ।

(II) बारून-दाउदनगर रोड से गौठोली तक पथ--प्रश्नाधीन पथ का प्राक्कलन बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तदनुसार इसकी मरम्मती करायी जानी संभव हो सकेगी ।

ओ० डी० एफ० घोषित पंचायत

*2086. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

[illegible] क्या यह बात सही है कि प० चंपारण जिला के प्रखंड बगहा-1 के हेसरहिया, बथुवरिया [illegible] प्रतिशत घर शौचालय से वंचित हैं, उदाहरणस्वरूप पंचायत के वार्ड संख्या 7 के कुल 280 घरों [illegible] घरों में शौचालय हैं ;

(2) [illegible] यह बात सही है कि उक्त पंचायत को 6 महीने पूर्व ओ० डी० एफ० घोषित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सभी घरों में शौचालय निर्माण के बिना उक्त पंचायतों को ओ० डी० एफ० घोषित करने का क्या औचित्य है ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*2087. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के हाई स्कूल, फतेपुर से पट्टा गोड होते हुये जिरमा तक की सड़क वर्ष 2008-09 से जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है ।

(2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 3.8 कि० मी० है । पथ की मरम्मती हेतु बिहार सड़क अनुरक्षण नीति, 2018 के अन्तर्गत प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है । स्वीकृति उपरांत मरम्मती कार्य कराया जा सकेगा ।

---

सड़क का चौड़ीकरण

*2088. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखण्ड के बगहा, सिंधाव, हरनाटांड सड़क 2. 75 मी० चौड़ी होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, जबकि बगहा-2 में स्थित हरनाटांड थरूहट की राजधानी कही जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*2089. श्री (मोहम्मद) नवाज आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के तीन पंचायतों में सनदिया पंचायत, रामापुर सनदिया पंचायत, गोठहुला पंचायत में चचरिया पुल है, जिससे लोगों को बरसात के दिनों में आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक 492, दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, आरा के पत्रांक 486, दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 के माध्यम से प्रश्नकर्ता सदस्य ने सूचित किया है, जिसके उपरांत ग्रामीण कार्य विभाग, आरा द्वारा विगत छह वर्ष पूर्व सर्वे एवं नापी कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित स्थानों पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2090. श्री अत्रि मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सोहरापुर से धुरी बिगहा भाया छियासठ बिगहा, पी० डब्लू० डी० पथ चिकसौरा से परवलपुर एवं लोहंडा सिपारा आर० डब्लू० डी० पथ से लक्ष्मीबिगहा तक अनुशंसित सड़क का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*2091. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के पकड़ी मठवा पंचायत के मठवा से माड़र तक एवं सोनार बाजार, हनुमान मंदिर से अम्बिकापुर विद्यालय तक पी० सी० सी० पथ का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों एवं छात्रों को समुचित आवागमन सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पी० सी० सी० पथ निर्माण कराकर ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण

*2092. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकी हाट प्रखंड कार्यालय 10 वर्ष से जर्जर एवं कार्यालय भवन छोटा एवं पुराना होने के कारण प्रखंड प्रशासन को कार्य संपादन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड कार्यालय भवन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कौशल विकास केन्द्र की स्थापना

*2093. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड एवं गौनाहा प्रखंड में एक भी कौशल विकास केन्द्र नहीं है, जिससे प्रखंडों के अधिकांश नौजवानों के प्रशिक्षण के अभाव में रोजगार हेतु अकुशल मजदूर के रूप में कार्य करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में एक-एक कौशल विकास केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड में कुल तीन कौशल विकास केन्द्र यथा--(1) चम्पारण युवा कल्याण सोसाईटी, CYKS Complex, रामनगर (2) युवा विकास संस्थान, न्यू मार्केट, रामनगर, (3) रामनगर BSDC, रामनगर प्रखंड संचालित है, जहाँ कुशल युवा कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जाता है । इसके अतिरिक्त रामनगर प्रखंड में Domain Skilling अन्तर्गत एक केन्द्र चम्पारण युवा कल्याण सोसाईटी, CYKS Complex, रामनगर संचालित है ।

गौनाहा प्रखंड में दो कौशल विकास केन्द्र यथा--(1) गौनाहा BSDC, गौनाहा प्रखंड कैम्पस तथा (2) नेशनल रूरल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम, गौनाहा मुख्य बाजार संचालित है, जहाँ कुशल युवा कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जाता है ।

इसके अतिरिक्त इन दोनों प्रखंडों में विभिन्न प्रक्षेत्रों में नये कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों को स्थापित करने हेतु एजेंसी के चयन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है तथा पोर्टल पर पंजीकरण की कार्रवाई की जा रही है ।

---------

सड़क का पक्कीकरण

*2094. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के कथैया ब्रह्मस्थान से पाना देवी हरदी रोड तक तथा बथना रामदेनी राय के बथान से माधोपुर चौक तक जाने वाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, साथ ही सड़क में जहाँ-तहाँ गड्ढा होने से आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*2095. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज विधान सभा क्षेत्र के पालीगंज प्रखंड के ग्राम उलार भलुआ तथा दुल्हिन बाजार प्रखंड के ग्राम-मसौढ़ा चौकी, ग्राम-धुरना विगहा में सम्पर्क पथों के निर्माण की निविदा विगत छः महीने पहले प्रकाशित की गयी थी, परन्तु आजतक उक्त ग्रामों में सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामों में सम्पर्क पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*2096. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर विधान सभा क्षेत्र के बोचहाँ प्रखंड में पोखर से बसौली खेतल होते हुये मिल्की हनुमान मंदिर तक सड़क नहीं रहने से वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क सम्पर्कता से जोड़ना

*2097. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड अन्तर्गत पिपरा एवं धमवल ग्राम अभीतक सड़क सम्पर्कता से नहीं जुड़ पायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित गाँवों को सड़क सम्पर्कता से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*2098. श्रीमती गंगीता देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के एन0 एच0 77 गाढ़ा पेट्रॉल पम्प से गाढ़ा, प्रेमनगर होते हुए सुभई एन0 एच0-77 तक पी0 डब्लू0 डी0 सड़क काफी जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क एन0 एच0-77 के बन जाने के कारण जर्जर स्थिति में है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मत कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*2099. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखंड अन्तर्गत जगदर और बड़हारा के बीच बलान नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने की वजह से यहाँ की आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*2100. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडन्तर्गत रेलवे की निष्क्रिय पड़ी जमीन बाँध पर से कई दशकों से भरपुरा, चौसिया, खरीका, कसमर, पहलेजा एवं अन्य कई ग्रामों के लोग आवागमन हेतु प्रयोग करते आ रहे हैं, जो पूर्णतः कच्ची सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध से ही श्रावणी मेला एवं कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुगण गंगा स्नान हेतु पहलेजा घाट आते-जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध पर वर्मा चौक से पहलेजा घाट मुख्य सड़क तक जनहित में पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*2101. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बोधगया पंचायत अतिया ग्राम सोहा खाफ गया डोभी सड़क के (रवि शंकर आश्रम) से सोहा खाफ तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है जिससे आम जनता को वाहन इत्यादि में आने-जाने में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या उक्त ग्रामीण सड़क का निर्माण कराकर ठीक करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*2102. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखंड अन्तर्गत एकदड़ी पंचायत महादलित टोला से कोदरकट महादलित टोला होते हुये कोदरकट तक 4 कि0 मी0 कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पीपा पुल का निर्माण

*2103. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रसल घाट के नजदीक गंगा नदी पर पीपापुल का डी0 पी0 आर0 वर्ष 2015-16 के माननीय मुख्यमंत्री के प्रमंडलीय समीक्षा बैठक में दिए गऐ निर्देश के आलोक में पथ निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है, परन्तु एप्रोच पथ का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया जाना है, लेकिन दोनों विभाग में सामंजस्य नहीं होने के कारण अबतक पुल एवं पथ का निर्माण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दोनों विभागों में समंजस्य कर उक्त पीपापुल एवं एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*2104. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता (या0) ने ज्ञापांक 3170, दिनांक 26 सितम्बर, 2018 द्वारा समस्तीपुर जिला में पथ प्रमण्डल समस्तीपुर अंतर्गत मगरदी घाट से सिलौत (दुर्गा स्थान) पथ में कुल 5.00 कि0 मी0 पथ का चौड़कीरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्राक्कलन का प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग ने अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं किया है, जिसके कारण उक्त पथ का निर्माण कार्य अभीतक नहीं होने के कारण आमलोगों को यातायात में परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कटाव निरोधक उपाय करना

*2105. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड सुगौली के दक्षिणी छपरा बहास पंचायत के मधुमालती गाँव के सामने एवं मंदिर से सटे सिकरहना नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला की सफाई एवं मरम्मती

*2106. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के सरोत्तर चचर से केसरिया होते हुए सुन्दरापुर बाढ़ गंडक नदी तक जाने वाली रघुनाथ नाला की सफाई एवं मरम्मती विगत 5 वर्षों से नहीं होने के कारण उक्त नाला से सिंचाई नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला की सफाई के साथ साथ उसकी मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2107. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के पंचायत खरांटी में बरिया-सुग्गासोत रोड से बहेरवाबाद होते मौलानगर तक सम्पर्क पथ नहीं रहने से उक्त गाँव के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों में संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि बरिया-सुग्गासोत रोड एल054 एल047 से सुग्गासोत के नाम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित है । यहीं से बहेरवाबाद को सम्पर्कता प्रदान करने हेतु एल054 से बहेरवाबाद तक पथ जिसकी कुल लम्बाई 1.00 कि० मी० है, को पूरक कोर नेटवर्क में शामिल कर लिया गया है।

मौलानगर बसावट राज्य कोर नेटवर्क के सी० एन० सी० पी० एल० के क्रमांक-26 पर अंकित एल055 से मौलानगर पथ के निर्माण हो जाने से सम्पर्कित हो जायेगा । सम्प्रति इसका प्राक्कलन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है ।

मौलानगर से बहेरावाबाद के बीच में कोई बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी कोर नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है ।

----------

सड़क का पक्कीकरण

*2108. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में पी० डब्लू० डी० सड़क मीनापुर से दिलालपुर तक की सड़क कच्ची है जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*2109. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अन्तर्गत अंदामा से कोकट के बीच सोती पर पुल का निर्माण एवं अधवारा समुह नदी पर कोठिया, बलुआही के बीच पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2017 में हुआ था परंतु गुणवत्तापूर्ण कार्य के अभाव में दो वर्षों में ही पहुँचपथ जर्जर हो गया है, जिससे चार-चक्का गाड़ी का आना-जाना मुश्किल हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पुल के पहुँचपथ का कबतक निर्माण कराने एवं दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*2110. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड के ग्राम-मंगल बिरईचा पीच रोड से पिपराही तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2111. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत भगवानपुर हाट, बनसोही पंचायत के बकतौली ग्राम में सड़क नहीं रहने से वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का नाला सहित निर्माण

*2112. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के मटियारी पंचायत के मटियारी गाँव से फारबिसगंज, वार्ड सं० 2 होते हुये मार्केटिंग यार्ड तक का पथ जर्जर है जिससे आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है, साथ ही बरसात में इस पथ पर पानी जमा हो जाता है जिससे आवागमन में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उक्त पथ का नाला सहित निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सार्वजनिक शौचालय बनाना

*2113. सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखण्ड के गोराबाड़ी बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जहाँ हजारों की संख्या में लोग गोराबाड़ी आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण महिलाओं को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का चौड़ीकरण

*2114. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड के गलगलिया के पास नेपाल सरकार द्वारा नेपाल में मेची नदी पर पुल बनाया गया है एवं आवागमन भी चालू है;

(2) क्या यह बात सही है कि गलगलिया के० टी० टी० जी० सड़क से उक्त वर्णित पुल तक जाने वाली पहुँचपथ कच्ची एवं संकीर्ण है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गलगलिया के० टी० टी० जी० सड़क से नेपाल के मेची नदी पर निर्मित पुल तक जाने वाली पहुँचपथ का पक्कीकरण एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*2115. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड अन्धराठाढ़ी में कमला नदी का पूर्वी तटबंध ग्राम-रखवारी से पिपरा घाट तक जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध के किनारे 6 कि० मी० में गाँव बसा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बाँध के सड़क का कालीकरण (पक्की) कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*2116. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्य प्रमंडल, बेगूसराय अन्तर्गत एस० एच० बेगूसराय-मझौल मुख्य सड़क स्थित रजौड़ा से चिलमिल, वागमाड़ा होते हुये विनोदपुर तीन मुहानी तक की सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की मरम्मती विगत 8 वर्षों से नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2117. श्रीमती अनीता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा के ग्राम पंचायत धोसिया के ग्राम-महाराजगंज में नहर के ऊपर पुल नहीं है, जिससे आम लोगों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*2018. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के पंचायत पचरतन में बहेरा टोला० निमियांटांड महादलित टोला एवं पंचायत नीमा में नीमा टोला, महुड़र सम्पर्कविहिन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क पथ नहीं रहने से उक्त टोलों के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित टोलों के संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के पंचायत नीमा टोला, महुड़र प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ जी० टी० रोड से नीमा तक पथ, जिसकी कुल लम्बाई 4.00 कि० मी० है, से सम्पर्कित है।

(2) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न में दो पंचायत के टोलों के बारे में प्रश्न किया गया है--

(i) डोभी प्रखंड के पंचायत पंचरतन में बहेरा टोला निमियांटांड महादलित टोला-प्रश्नाधीन बहेरा टोला, निमियांटांड महादलित टोला राज्य कोर नेटवर्क के क्रमांक-24 पर अंकित है । इसे सम्पर्कता प्रदान करने हेतु एल० 25 से निमियांटांड कुल लम्बाई 1.20 कि० मी० पथ का प्राक्कलन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत तैयार किया जा रहा है । स्वीकृति के उपरांत इसका निर्माण कराया जाना संभव हो सकेगा ।

(ii) डोभी प्रखंड के पंचायत में नीमा टोला महुडर--गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के पंचायत नीमा टोला महुडर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ जी० टी० रोड से नीमा तक पथ जिसकी कुल लम्बाई 4.00 कि० मी० है, से सम्पर्कित है ।

--------

सड़क का निर्माण

*2019. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में मचल बिगहा से सोधी बिगहा एवं नवडीहा खुर्द तक सड़क नहीं रहने के कारण वजीरगंज प्रखंड जाने में उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम-मचल बिगहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित अमेठी से भेरेठी तक पथ जिसकी लम्बाई 3.557 कि० मी० है, से सम्पर्कित है । ग्राम जोधी बिगहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित सिघौड़ा पथ से जोधी बिगहा जिसकी लम्बाई 1.821 कि० मी० है, से सम्पर्कित है । ग्राम-नवाडिह खुर्द प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ अमेठी रोड से नौडिहा जिसकी लम्बाई 1,588 कि० मी० है, से सम्पर्कित है । मचल बिगहा से जोधी बिगहा एवं नवाडीह खुर्द तक पथ के आरेखन में सभी योग्य बसावटों को सम्पर्कता प्रदत्त है । अत: प्रश्नाधीन पथ के आरेखन को किसी कोर नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है । इसके निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2120. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के सुक्की पंचायत के हरलोचनपुर सड़क के सिमान, धुन्धु पट्टी से मोहम्मदपुर, जुम्मन, सिमान तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.33 कि० मी० है, जिसका निर्माण पी० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।

## पुल का निर्माण

*2121. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-गिदराही में डोमराही के निकट एवं ग्राम-लिटियाही, पिपराही के मध्य पुरानी नदी में आजतक पुल का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के जिलास्तरीय बैठक में उक्त पुल निर्माण की माँग पर दिये निदेश के आलोक में स्थल का सर्वे एवं डी0 पी0 आर0 तैयार कर एक वर्ष पूर्व भेजे जाने के उपरांत आजतक उक्त पुल के निर्माण की दिशा में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल की स्वीकृति देना

*2122. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 के एलायमेंट पर ग्राम-सीता बिगहा के पास होल्या नदी पर एवं ग्राम-पिपरडी के पुनपुन नदी पर पुल निर्माण वर्ष 2016 से प्रस्तावित रहने के बावजूद अबतक उक्त पुलों के निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त प्रस्तावित स्थलों पर पुल निर्माण की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*2123. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के मनिहारी घाट में एल0 सी0 टी0 घाट होने के कारण दूर-दूर से दाह-संस्कार के लिए आने-जाने वाले वाहनों के आवागमन से मनिहारी नगर में बराबर जाम लगा रहता है, के लिए मनिहारी घाट से बाँध होकर मिड्डिदास कुटी की ओर से बाईपास सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया था, लेकिन अबतक बाईपास सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## बाँध का निर्माण

*2124. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड अन्तर्गत बूढ़ा-बूढ़ी बाँध का निर्माण हेतु प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना के तहत (लघु सिंचाई प्रमण्डल, औरंगाबाद) वर्ष 2017 में प्रस्तावित होने के बाद भी अबतक निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रस्तावित स्थल पर बाँध की स्वीकृति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*2125. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत सोनो प्रखंड के ओकनवा टांड से बुढ़िया लापर होते हुए बोझायत मुख्य पथ तक एवं चकाई प्रखंड के ठाढ़ी से दोतना तक जाने वाली ग्रामीण पथों का पक्कीकरण कार्य विगत 6 माह पूर्व से किया जा रहा है, जिसमें संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे निर्माणकाल में ही सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ग्रामों की सड़कों का पक्कीकरण मानक के अनुरूप करवाते हुए दोषी संवेदकों पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना

*2126. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत ग्राम-जमुआं, अंचल बिहिया के पहुँचपथ के निर्माण में आयी अधिग्रहण के आलोक में वाद संख्या 01/2016-17 अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजा गया था, फिर भी जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा अभीतक रिपोर्ट नहीं भेजने से पहुँचपथ का कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से कबतक जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का अधिग्रहण

*2127. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-करगहर में करगहर बड़हरी-धर्मपुरा पथ 18 कि0 मी0 एवं बरांव-जहानाबाद पथ 30 कि0 मी0 ग्रामीण कार्य विभाग का सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़क दो प्रखण्डों को जोड़ता है एवं करगहर प्रखण्ड का लाईफ लाईन रोड है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दोनों सड़क से वाहन वाराणसी (उ0 प्र0) के लिए चलते हैं ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) (2) (3) एवं (4) पुराने पथ अधिग्रहण नीति की समीक्षा कर अधिग्रहण की नई नीति का गठन प्रक्रियाधीन है । नई अधिग्रहण नीति गठित होने के बाद समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

---

तालाब का जीर्णोद्धार करना

*2128. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा एवं नगरा प्रखंडों में कुल 150 सरकारी तालाब अवस्थित हैं जो जर्जर हैं एवं सुख चुके हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार जल संकट को देखते हुए सभी तालाबों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2129. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखंड अन्तर्गत बखरी-खगड़िया, पी0 डब्लू0 डी0 पथ के परिहारा से भवानीपुर होते हुये सीमाना तक सड़क की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2130. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के ग्राम पंचायत चहुटा के ग्राम रही टोल में रघुबीर यादव के घर से अहियारी सिमान तक कच्ची सड़क है जिसकी लम्बाई 3 किलो मीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के कच्ची रहने के कारण दर्जनों गाँवों की आबादी का बरसात के दिनों में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क एवं पुल की मरम्मती

*2131. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मनमोहन चौक से खपरपुरा हाट पर सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है तथा इसी सड़क पर स्थित बछराजा नदी पर बना लोहे का पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2132. श्री शम्भू नाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड के खरहाटाड़ पंचायत में आरा-बक्सर बाँध से खरहाटाड़ कोनहट तक की सड़क की लम्बाई 3 किलो मीटर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जबकि उक्त सड़क के किनारे महादलित एवं अल्पसंख्यक बस्ती बसा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*2133. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के अगियाँव प्रखंड अन्तर्गत कमरीया पुल से चिपुरा पुल होते हुये मेन सड़क ग्राम-महेन्दौरा तक साढ़े तीन किलो मीटर कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में पैदल चलने में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*2134. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के काशीचक प्रखंड अन्तर्गत काशीचक गाँव अभीतक सम्पर्क पथ से वंचित है जबकि उक्त गाँव को सम्पर्क पथ से जोड़ने हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त गाँव को सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2135. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरियाकोठी प्रखंड के दुधरा एवं लकड़ीनवीगंज प्रखंड के नंदपुर के बीच धमती नदी है, जिसमें पुल नहीं रहने के कारण दोनों पंचायतवासियों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक दुधरा एवं नन्दपुर के बीच धमति नदी में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2136. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड के अदलपुर पंचायत से मिल्की आँगनबाड़ी क़ेन्द्र महेन्दर राय के घर तक सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 0.7 किलो मीटर है, जो एम0एम0जी0एस0आई0 पूरक कोर नेटवर्क में मिल्की बजरंगवली मंदिर से मिल्की चक बाजे पथ के नाम से अंकित है । पथ की डी0पी0आर0 तैयार किया जा चुका है । स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य करा लिया जायेगा ।

--------

बोरिंग पम्प को ठीक कराना

*2137. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड में चन्नों एवं गोहरचक, एकचारी एवं धनौरा गाँवों में सरकार द्वारा लगाये गये स्टेट बोरिंग पम्प खराब है जिससे किसानों को सिंचाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो सरकार कबतक उक्त स्टेट बोरिंग पम्प को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2138. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत तेतरिया प्रखण्ड के तेतरिया-नरवारा पी० डब्लू० डी० रोड में बहुआरा पोखर के नजदीक स्थित पुलिया विगत 6 महीनों से ध्वस्त है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थल पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2139. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड में श्री परोल, सहरसा, मदन टोली, गायषद्ध कच्ची सड़क के आस-पास के 30 हजार आबादी को शहर बाजार आने-जाने का एकमात्र रास्ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर जे० सी० बी० ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं अन्य भारी वाहनों एवं सवारी गाड़ियों के परिचालन से सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराकर लोगों को आवागमन के सुगम बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2140. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत बैदा पंचायत के भरनाठी, डुमरिया, बैदा, हाल बैदा, छरका टोला के लोगों को भरनाठी, शेरशाहवादी टोला से नीमा, शिमलापाड़ा तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण मनिहारी अनुमण्डल मुख्यालय आने के लिये 10-15 किलो मीटर घुमकर आना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*2141. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मालवी-दलसिंहसराय मार्ग में मेहदौली से गुरूदासपुर तक की सड़क का चौड़ीकरण करने का प्रस्ताव विगत 15 वर्षों से लंबित है, जिस कारण भारी वाहनों के साथ-साथ सामान्य गाड़ियों के परिचालन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है जबकि उक्त मार्ग के दोनों ओर चौड़ीकरण किया जा चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण करने का निचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2142. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड के बहादुरपुर गाँव में गंडक नदी पर पुल नहीं रहने से वहाँ के आमजनों के साथ-साथ छात्र/छात्राओं को स्कूल जाने में परेशानियों का सामना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित नदी पर पुल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2143. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सहदेइ प्रखंड के नया गाँव पश्चिमी पंचायत के गणीआरी बाँध पर स्लूईस गेट ववाली पुल की अति आवश्यकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल नहीं रहने के कारण किसानों के हजारों एकड़ फसल एवं मकान बाढ़ में बर्बाद हो जाता है, जिससे आमजनों एवं पशुओं का जीना दुर्लभ हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गणीआरी बाँध पर स्लूइस गेट, वाली पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*2144. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोठी-पहसारा पथ के बेगमपुर से चक्का तक के सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिसके कारण से स्थानीय लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के मरम्मती हेतु बिहार पथ अनुरक्षण नीति, 2018 के तहत डी० पी० आर० तैयार किया जा रहा है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

------------

कटावरोधक उपाय करना

*2145. श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नगर क्षेत्र डेहरी में कटार से मकराईन तक सोन नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*2146. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड के बसंत पंचायत के लतराहा गाँव स्थित हराजी टोला एवं रतनपुर पंचायत के रतनपुर गाँव स्थित कोदई गाछी टोला को अभीतक एकल सम्पर्कता प्राप्त नहीं है जिस कारण यहाँ के लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पुनर्निर्माण

*2147. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के एल0 आर0 पी0 चौक, बहादुरगंज से बहादुरगंज बाजार होते हुए चौरासी आर0 ई0 ओ0 सड़क तक पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर एवं कहीं-कहीं बड़ा गड्ढ़ा हो जाने के कारण बाजार के पास सड़क पर जल-जमाव हो जाता है जिससे आम जनता को आवागमन कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पुल का निर्माण

*2148. श्री हरीशंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड हुसैनगंज के ग्राम-सरैया से सिंगारपट्टी के बीच दाहा नदी पर पुल नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का जीर्णोद्धार

*2149. श्री शम्भु नाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड में भोजपुर डुमरी रोड में मठिया गाँव से रघुनाथपुर चकनी होते हुए काजीपुर तक सड़क की लम्बाई 3 कि0 मी0 है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जबकि उक्त सड़क के किनारे महादलित एवं अल्पसंख्यक बस्ती बसा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## राशि भुगतान कराना

*2150. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत चकाई प्रखंड के केनवोनवा, छाता आदि गाँवों में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ग्रामीणों द्वारा शौचालय का निर्माण किया गया है, जिसके निर्माण के दस माह के बाद भी सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि लाभुकों को नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त लाभुकों को शौचालयों के अनुदान की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का पक्कीकरण

*2151. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बाल्मिकिनगर से हरसिद्धी विधान सभा क्षेत्र होते हुये मुजफ्फरपुर की ओर जाने वाले मुख्य तिरहुत कैनाल के दोनों तरफ कच्ची सड़क को क्षेत्र की जनता आवागमन के रूप में प्रयोग करती है, जो जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की उड़ाही

*2152. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत कमला नहर कार्य प्रमंडल, जयनगर के कोरहिया शाखा नहर से गाद भरने के कारण केवल आधे हिस्से की सिंचाई हो पाती है एवं आधा हिस्सा सिंचाई से वंचित रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरार जलवाहा नहर भी सिंचाई का कार्य नहीं कर पाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहरों की उड़ाही कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*2153. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित पकटोला से कुम्हरा बिशनपुर जानेवाली सड़क के विगत 5 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*2154. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के बंशी प्रखण्ड में पंचायत अनुआ के ग्राम-भगवतीपुर के पहले अनुआ-भगवतीपुर पथ में नवनिर्मित छोटी पुल से ग्राम-भगवतीपुर होते हुये ग्राम मठिया तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को अबतक किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण राज्य सम्पोषित योजना नबार्ड से कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की मरम्मती

*2155. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत बनौली चौक के निकट से पोलिटेक्निक कॉलेज, बरीपुर होते हुये मलाही से मझौरा बाजार तक 7 कि० मी० सड़क विगत 8 वर्षों से मरम्मती के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुँच चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में गड्ढे के कारण गाड़ियों के फंस जाने पर 2-3 घंटों के लिये जाम की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रधानमंत्री आवास लाभ देना

*2156. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2018 में सरकार द्वारा घोषणा किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लोगों का नाम माननीय सदस्य अपने स्तर से उप-विकास आयुक्त को दे देंगे तथा उन्हें प्राथमिकता की सूची में शामिल कर लिया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 14 जून, 2018 को उप-विकास आयुक्त को 2700 लाभुकों के बारे में पत्र लिखा गया, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लाभुकों को भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के पत्र संख्या J-11060/16/2017-RH (M&T), दिनांक 24 जनवरी, 2018 द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची में छूटे हुये योग्य परिवारों का नाम सर्वेक्षण उपरान्त वासविहीन परिवारों की सूची में जोड़ने हेतु दिशा निर्देश प्राप्त हुआ । उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक 370600, दिनांक 22 मई, 2018 से प्रतिक्षा सूची में छूटे हुये योग्य परिवारों का नाम वासविहीन परिवारों की सूची में जोड़ने संबंधी दिशा निर्देश सभी जिलों को दिया गया । उक्त के आलोक में प्रखंड स्तर से सर्वेक्षण के उपरान्त राज्य भर में 32,86,070 (बत्तीस लाख छियासी हजार सत्तर) लाभुकों का नाम आवासविहीन परिवारों की सूची में आवास एप के माध्यम से जोड़ा गया है, जिसमें 1,24,756 (एक लाख चौबी हजार सात सौ छप्पन) परिवार भोजपुर जिला के हैं ।

भारत सरकार से सर्वेक्षित परिवारों का नाम प्रतिक्षा सूची में शामिल करने संबंधी निदेश प्राप्त नहीं हुआ है, निदेश प्राप्त होने पर नियमानुसार योजना का लाभ दिया जा सकेगा ।

(2) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि उप-विकास आयुक्त, भोजपुर द्वारा प्रश्नकर्ता सदस्य के माध्यम से दिनांक 14 जून, 2018 को 2700 लाभुकों से संबंधित पत्र नहीं प्राप्त होने की सूचना दी गयी है ।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

---------

नाला का निर्माण

*2157. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड में नवाब टोली से सरकारी बस स्टैण्ड होते हुये लोहन्डा नहर तक सड़क के किनारे नाली नहीं होने के कारण सड़क पर जल-जमाव हो जाता है जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाले का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव निरोधक उपाय करना

*2158. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड सुगौली के उत्तरी छपरा बहास पंचायत के सपहाँ अनुसूचित जाति बस्ती एवं स्कूल के सामने सिकरहना नदी में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का चौड़ीकरण

*2159. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय एवं इसलामपुर एस० एच० पथ पर जगाई मोड़ से गोमहर रसलपुर होते हुये औंगारी धाम तक जाने वाली सड़क संकीर्ण एवं जर्जर हालत में होने के कारण आम श्रद्धालु को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*2160. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के धार टोला से ढोलबज्जा So-20 तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ पूरक राज्य कोर-नेटवर्क के क्रमांक 9138 पर So-2 से धार टोला ढोलबज्जा पथ के नाम से अंकित है, जिसकी लम्बाई 1.50 कि०' मी० है, उक्त पथ के निर्माण हेतु डी० पी० आर० शीर्ष एम० एम० जी० एस० वाई० योजनान्तर्गत तैयार कराया जा रहा है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---------

सड़क का निर्माण

*2161. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा के घनी आबादी वाले ग्राम-बौराहा के लोगों को प्रखंड मुख्यालय किशनपुर तक जाने के लिये अबतक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि किशनपुर प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली पथ, नरही से मानिकपुर, सड़क निर्माण की स्वीकृति सरकार द्वारा दी गयी है एवं उक्त सड़क के निर्माण का कार्य वर्तमान में प्रारंभ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का विस्तार करते हुये बौराहा तक पक्की सड़क का निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पुनर्निर्माण

*2162. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के सलेपुर से महदेवा बाँध तक की सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.260 कि० मी० है । पथ की मरम्मती हेतु बिहार सड़क अनुरक्षण नीति, 2018 के अन्तर्गत प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है । स्वीकृति उपरांत मरम्मती कार्य कराया जा सकेगा ।

----------

## अनियमितता की जाँच एवं दोषी पर कार्रवाई

*2163. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड एवं मुरौल प्रखंड के पंचायतों में नल-जल योजना में राशि का दुरूपयोग एवं अनियमितता की गई है तथा मानक के अनुसार कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड के सभी पंचायतों के नल-जल योजना की जाँच कराकर दोषियों पर कर्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*2164. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बोधगया में बागे खाफ नहर से इटर्रा तक पथ का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे जनता को वर्षा के मौसम में आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*2165. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के बोधगया के धर्मारण्य के पास मुहाने नदी पर 21×21.00 मीटर के आकार का पुल का निर्माण हेतु 22.34 करोड़ की प्राक्कलन बनाकर प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य पुल निगम लि०, पटना के पत्रांक 103 (अनु०), दिनांक 29 जुलाई, 2016 द्वारा अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, पथ निर्माण को भेजा गया था, तत्पश्चात् पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 553 (ई०), दिनांक 24 जनवरी, 2018 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से उक्त पुल के निर्माण हेतु पुल निगम द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया है, लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण पुल का निर्माण कार्य नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2166. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड में हरने से जनकपुर जाने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*2167. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के जुम्मन चैक से बलबात तक की सड़क जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ का प्राक्कलन बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 के अंतर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है । स्वीकृति के उपरांत मरम्मती कार्य कराया जाना संभव हो सकेगा।

---------

पुल का निर्माण

*2168. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में ईटाढ़ी से करहसी ठोरा नदी पर पुल नहीं रहने से उक्त 10 हजार की आबादी को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का चौड़ीकरण

*2169. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के वीरपुर, ईमली चौक से पी० डब्लू० डी० सड़क से खुरूण्डा पुल होते हुये सकरपुरा ढाला से नयानगर रेलवे स्टेशन तक की सड़क संकीर्ण है, जिसके कारण हसनपुर बाजार में हमेशा जाम लगा रहता है, जिससे आपातकालीन स्थिति में आमजनों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर चौड़ीकरण के साथ-साथ पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## शौचालय का पुनर्निर्माण

*2170. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के उननासो पंचगाछी ग्राम पंचायत में वर्ष 2006-07 में निर्मल ग्राम योजना अन्तर्गत पारिवारिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, वर्ष 2017 तक उक्त सभी शौचालय ध्वस्त हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त शौचालय का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*2171. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला भू-अर्जन शाखा के अधिसूचना सं० 11/भू० अ० समस्तीपुर द्वारा नगरनामा थाना समस्तीपुर, थाना नं० 95 में सार्वजनिक प्रयोजनार्थ खेसरा सं० 368 से सामुदायिक भवन तक सड़क हेतु कुल 0.525 एकड़ भूमि अर्जनाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के लिये भू-स्वामी द्वारा भू-अधिग्रहण से संबंधित कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गयी, फिर भी अभीतक मुआवजा का भुगतान नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगरनामा में भूमि अधिग्रहण कर सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*2172. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड के किरोरा पंचायत के बजर गाँव ग्राम के दक्षिणी छोर पर एक पुराना जर्जर लकड़ी का पुल है जिसके जीर्ण-शीर्ण होने से इसपर आवागमन बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर लकड़ी पुल ही आस-पास के ग्रामीण जनता का पंचायत, थाना, प्रखंड कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा दैनिक कार्य हेतु हाट बाजार तक जाने का एक मात्र रास्ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लकड़ी के पुल के जगह पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नहरों का जीर्णोद्धार

*2173. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के हरसिद्धि विधान सभा क्षेत्र में गंडक नहर की सफाई नहीं होने एवं बगल के लोगों द्वारा अतिक्रमण करने के कारण ध्वस्त हो गया है जिससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहरों को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पक्कीकरण

*2174. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड में एन० एच० 30 बिमवा कस्तूरबा बालिका विद्यालय से मथुरापुर एवं बिमवा गोवर्धन स्थान होते कौड़िया रेलवे हॉल्ट तक सड़क विगत 20 वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण बिमवा, धुरापुर, इँग्लिश एवं अन्य गाँव के ग्रामीणों को कौड़िया हॉल्ट से ट्रेन पकड़ने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का जीर्णोद्धार

*2175. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के बहादुरपुर पी० डब्लू० डी० सड़क से दारूलउलुम मदरसा होते हुये भोरादह आर० ई० ओ० सड़क तक का पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पहुँच पथ का निर्माण

*2176. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी, मोहनपुर पी० डब्लू० डी० सड़क में स्थित अरैया पुल से पछियारी टोला एवं बिचला टोला होते हुये पुरवारी टोला जो अरैया गाँव के रूपौली पंचायत के अन्तर्गत आता है, इन टोलों में पहुँच पथ नहीं है, जबकि आबादी पाँच हजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री ''सड़क सम्पर्क योजना'' के अन्तर्गत सभी 500 बसावट वाले गाँव को भी पहुँच पथ उपलब्ध कराना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त रूपौली पंचायत के अरैया गाँव के सभी टोलों को कबतक पहुँच पथ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*2177. श्री श्यमबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत मेहसी प्रखंड के सुलसावाद मस्जिद से ब्रह्मदेव हजरा के घर होते हुये मरूआबाद आर० ई० ओ० रोड तक की सड़क कच्ची है जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*2178. श्री अबिदुर रहमान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया प्रखंड के अररिया नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत चाँदनी चौक से नवरत्न चौक-जैन धर्मशाला-अररिया प्रखंड कार्यालय होते हुये अररिया कोर्ट स्टेशन तक जिला परिषद् की सड़क है, जो जिला कार्यालय से प्रखंड कार्यालय को जोड़ने वाली एक मात्र मुख्य सड़क है, जो अत्यंत ही जर्जर हो चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ पर यातायात दबाव के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, जबकि उक्त सड़क के चौड़ीकरण हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है;

(3). यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--पुराने पथ अधिग्रहण नीति की समीक्षा कर अधिग्रहण की नई नीति का गठन प्रक्रियाधीन है । नई पथ अधिग्रहण नीति गठित होने के बाद समीक्षोपरान्त अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

सड़क का निर्माण

*2179. <u>श्रीमती बेबी कुमारी</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशरी प्रखंड अन्तर्गत सलहा पंचायत भवन के बिंदाटारी को जोड़ने के लिए सपर्क पथ नहीं है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*2180. <u>श्री शत्रुधन तिवारी</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा कार्य प्रमंडल अन्तर्गत अमनौर प्रखंड के मनोपुर झखरी-बल्डिहा प्रधानमंत्री सड़क को भेल्दी अमनौर राजकीय उच्च पथ के शेखपुरा में जोड़ने के लिए पुल नहीं रहने से क्षेत्र के रसूलपुर, हुस्सेक, झखड़ी तरवार आदि पंचायतों की जनता को अमनौर प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या जनहित में उपरोक्त स्थल पर पुल के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल की मरम्मती

*2181. <u>श्री (डॉ0) सी0 एन0 गुप्ता</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला में स्थित जयप्रभा सेतु जो बिहार एवं उत्तर प्रदेश को जोड़ती है, उसके दोनों मुहाने ध्वस्त हो गये हैं, साथ ही स्लैब, रेलिंग टूट गये हैं एवं पुल पर सैकड़ों गड्ढे हो गये हैं जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बाँध की मरम्मती

*2182. <u>श्री फराज फातमी</u> --क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड में छिलकोर नदी से जमींदारी बाँध एवं बागमती नदी से बरहुलिया में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँधों की मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूर्ण कराना

*2183. <u>डॉ0 अब्दुल गफूर</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में मुख्य मंत्री सम्पर्क योजना के तहत वर्ष 2014-15 में रोड नं0 17 प्राथमिक विद्यालय, बहुरवा से लीलजा, झाड़ा सिरसौना, बेलडावर तक सड़क निर्माण की स्वीकृति हुई थी तथा एग्रीमेंट के अनुसार 14 जून, 2016 तक कार्य पूर्ण किया जाना था, जो अबतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*2184. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा सदर प्रखंड अन्तर्गत एन0 एच0 57 चक्का से मखनाही, धानुक, टोला विस्तारित मोधोपुर एस0 एच0 75 तक (मब्बी कमतौल पथ) तथा शीशो हरपुर पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है जिससे बरसात के दिनों में आमजनों को जल-जमाव के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित दोनों पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूपों को चालू कराना

*2185. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के जहानाबाद प्रखंड के अमैर पंचायत एवं सिकरिया पंचायत में राजकीय नलकूप लगभग दस वर्षों से बन्द है जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूपों को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*2186. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा एन0 एच0 80 रामपुर से लाखोचक, वसुआचक नहर से हरवंशपुर, बन्नु बगीचा से दाढ़ीसिर, कजरा से कोडासी, एन0 एच0 80 मिल्की ढाला से महेशपुर तक में सड़क का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप उक्त निर्माण कार्य नहीं किए जाने के कारण बनाये गये सभी सड़क कम ही समय में टूटना शुरू हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों की गुणवत्ता की जाँच करवाकर दोषी संवेदक एवं विभागीय अभियंताओं पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*2187. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड में लीलजा से तेलवातक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत वर्ष 2013-14 में सड़क निर्माण की स्वीकृति हुई तथा एग्रीमेंट के अनुसार 22 जनवरी, 2015 तक कार्यों को पूर्ण किया जाना था, परन्तु अबतक ये कार्य पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2188. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-नौअवाँ-सरवहदीं के बीच कुम्भरी नदी पर मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2009-10 में पुल बनकर तैयार है, फिर भी आजतक पुल के दोनों तरफ एप्रोच पथ का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे उक्त पुल का उपयोगिता नहीं रह जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, पुल के दोनों तरफ एप्रोच पथ का निर्माण कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*2189. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, पथ विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी, चाँदपुरा से महुआ तक सड़क फ्लैंक का निर्माण कार्य 59 करोड़ रुपये की लागत से विगत एक वर्ष पूर्व से कराया जा रहा है, जिसमें मानक के अनुरूप निर्माण सामग्रियों का उपयोग नहीं होने से सड़क की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पर रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुये प्राक्कलन के अनुरूप कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2190 श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढ़ाका प्रखण्ड के बलुआ से घोड़ासहन प्रखण्ड जाने वाला सड़क की दूरी 15 कि० मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ढ़ाका प्रखण्ड के बलुआ आर० ई० ओ० सड़क से घोड़ासहन प्रखण्ड के लौखान के बीच पुल बन जाने से उक्त दोनों प्रखण्डों की दूरी 14 कि० मी० कम हो जायेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2191. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखंड के तरैया पंचायत के पकरसावां गाँव से तरैया होते हुये मुख्य सड़क स्थित पतार पुल तक सड़क का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2192. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां प्रखंड के ग्राम-मनोरमपुर, पंचेतन के बीच गोयठवा नदी में तथा बिन्द सरमेरा प्रखंड के ग्राम-इब्राहिमपुर, छोटी घारियारी के बीच नोनिया नदी में उच्चस्तरीय पुल नहीं रहने के कारण 20 (बीस) हजार आबादी आवागमन से पूर्णरूपेण प्रभावित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थानों पर नदी के दोनों तरफ सड़क का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2015-16 में हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर कबतक उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवास योजना का लाभ

*2193 श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किसनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा के ग्राम-बौराहा, मानिकपुर, गोढियारी के लोगों को ग्रामीण आवास यह कहकर सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया है कि यहाँ के लोग बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में निवास करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का निर्माण

*2194. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोसी की सहायक सुरसरी नदी सुपौल जिला के वसंतपुर एवं छातापुर प्रखंड से होकर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोशी नदी में पानी आने के साथ ही सुरसरी नदी में बाढ़ आने से चैनपुर, भीमपुर सहित आस-पास के अनेकों पंचायतों में लगे हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुरसरी नदी के दोनों तरफ तटरक्षक बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*2195. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गोरौल प्रखंड में अगस्त, 2007 में निर्मित व्यासचक से मानपुरा तक सड़क जर्जर अवस्था में होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पईन का जीर्णोद्धार

*2196. श्री कौशल यादव --क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड नवादा में खुरी नदी गैस गोदाम से ग्राम-साहेबचक, सिद्धेश्वरपुर होते आती तक आती पईन मिट्टी से भर गया है एवं पईन का तटबन्ध जर्जर हो गया है, जिससे सिंचाई कार्य अवरुद्ध हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । खुरी नदी से खनन विभाग द्वारा बालू का अत्यधिक उठाव हो जाने के कारण नदी का तल अधिक गहरा हो गया है । योजना का सर्वेक्षण किया जायेगा । सर्वेक्षणोपरान्त योजना उपयोगी पाये जाने पर विहित प्रक्रिया के तहत क्रियान्वयन की अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

## पुल का निर्माण

*2197. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के पंचायत कछुवी, ग्राम-जगदर के सुपेन नदी पर आर० सी० सी० पुल नहीं रहने के कारण प्रखंड मुख्यालय लखनौर एवं झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय आने-जाने में आम लोगों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो उक्त नदी पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन स्थल पर पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी तकनीकी समीक्षा की जा रही है । तत्पश्चात् अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---------

## बाँध का जीर्णोद्धार करना

*2198. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गंडकी नदी के गरखा से शाहपुर तक दोनों साईड बाँध का मजबूतीकरण एवं पक्कीकरण कार्य वर्ष 2017-18 में किया गया है जबकि शाहपुर से मोथहां तक बाँध का पक्कीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त शेष भाग का भी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाला सहित पक्की सड़क का निर्माण

*2199. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पूर्णियाँ विधान सभा क्षेत्र के एन० एच० 107 आर० के० के० कॉलेज से रंगभूमि चौक भाया मधुबनी शिवालय, चूड़ी पट्टी चौक होते हुये कोरठाबाड़ी चौक तक जानेवाली अति व्यस्त पथ जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में करने के साथ नाला सहित पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाले का जीर्णोद्धार

*2200. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित बादशाही नाला को जल संसाधन विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन स्थानांतरित करने का निर्णय वर्ष 2017 में सरकार के द्वारा लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला पर कुछ लोगों के अतिक्रमण से नाला जाम हो गया है, फलस्वरुप बरसात के दिनों में पूरा मुहल्ला जलमग्न हो जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बादशाही नाला का जीर्णोद्धार एवं सफाई हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## वियर का जीर्णोद्धार

*2201. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दक्षिण बिहार भयंकर सुखाड़ की चपेट में है और पुनपुन नदी के पंचतीर्थ वियर का पानी वियर बाँध की ऊँचाई कम रहने के कारण सेंधवा वियर में नहीं पहुँच रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वियर से सेंधवा वियर में पानी लाकर सिंचाई सुविधा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का कालीकरण

*2202. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी में ग्राम-चन्दाचक मोड़ से ग्राम-खुसहालपुर तक कच्ची सड़क है, जिससे वर्षात के मौसम में ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कालीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ गया जिला अन्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी में ग्राम-चन्दाचक मोड़ से ग्राम-खुशहालपुर तक पथ की कुल लम्बाई 691 मीटर है । प्रश्नाधीन पथ मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत स्वीकृत है । निविदा प्रक्रिया में है । तद्नुसार इसका निर्माण कराया जा सकेगा ।

---------

## भवन का जीर्णोद्धार

*2203. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के आशियाना दीघा-रोड (आशियाना मोड़) के मुहाने पर चार मंजिला अम्बेदकर भवन अवस्थित है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सन् 1992 में तत्कालीन सरकार ने चार मंजिला भवन बनाकर यह बस्ती बसाया था लेकिन अब इस भवन की स्थिति काफी जर्जर एवं कमजोर हो चुका है, साथ ही 2015 के भूकंप के बाद यह भवन पीछे की ओर झुक गया है एवं भवन के कई हिस्सों से सिमेंट के बड़े-बड़े टुकड़े गिरते हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचर रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*2204. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बिथान प्रखंड स्थित दर्जिया, फुहिया बाँध से करेह नदी के दक्षिणी तटबंध जगमोहरा बाँध तक लगभग 68 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति विगत 6 माह पूर्व प्रदान की गयी थी, परंतु निर्माण हेतु निविदा एवं अन्य प्रक्रिया आजतक पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्वीकृत पुल के निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का चौड़ीकरण

*2205. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत डलवा मोड़ पी० डब्लू० डी० पथ से शम्भूगंज बाजार तक जाने वाली 14 कि० मी० ग्रामीण कार्य की सड़क पर यातायात का दबाव रहता है जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को कबतक पी० डब्लू० डी० में शामिल करते हुये चौड़ीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनियमितता की जाँच

*2206. श्री अमर नाथ गामी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखंड मुख्यालय में वर्ष 2009 में पशु चिकित्सा, भवन निर्माण का कार्य की निविदा भवन निर्माण विभाग, दरभंगा से प्रकाशित की गयी थी, जिसका प्राक्कलित राशि 28,66,000.00 था तथा उक्त भवन का कार्य भी प्रारंभ हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण आजतक पशु चिकित्सा भवन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ और विभागीय पदाधिकारियों एवं संवेदक की मिलीभगत से सरकारी राशि का गबन कर लिया गया ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये पशु चिकित्सा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*2207. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के परसा प्रखंड अन्तर्गत भेल्दी दिघवारा, राजकीय उच्च पथ में नारायणपुर में रंजीत सिंह के दलान के निकट से कमख्या सिंह के घर होते हुये गंगोई होते हुये मेहसिया प्रधानमंत्री सड़क तक जानेवाली पथ के जर्जर होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पथ के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2208. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखंड के लाखा एवं पैदापुर के बीच गरहा नदी पर एवं अमरपुर प्रखंड के पवई पंचायत के दौना से मूंसरी जानेवाली सड़क के बीच एवं वल्ली किता से भरको ग्राम जानेवाली सड़क के बीच नदी पर चचरी पुल रहने से लोगों को नदी पार करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पी0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी की मिट्टी की उड़ाही

*2209. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के कैथ पंचायत से होकर गुजरने वाली देवकी (कोला) नदी में गाद भर जाने के कारण सूखने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी से मिट्टी की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2210. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के ग्राम पंचायत देव मुख्य पथ से कर्माडीह तथा ग्राम पंचायत खरकनी साई सिटी से चंदौली तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2211. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी-दुमका पथ में सुखनियाँ नदी पर बना पुल जर्जर हो गया है जिससे आवागमन करने वाली आम जनता को भयव्याप्त रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर निर्मित पुल के सामानांतर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2212. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड के नरहैया वार्ड नं0 1 में बदलेव राम के घर से जग्रनाथ राम के घर तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सीरे से निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों की मरम्मती

*2213. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर प्रखंड में साहपुर-बड़हरा रोड तथा अंकोरहा से माली भाया विश्रामपुर-बैरिया सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) प्रश्नाधीन पथ नबीनगर प्रखंड में साहपुर-बड़हरा रोड तथा अंकोरहा से माली भाग विश्रामपुर-बैरिया तक पथ का प्राक्कलन बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तद्नुसार इसकी मरम्मती करायी जानी संभव हो सकेगी ।

--------

सड़क की मरम्मती

*2214. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोध गया प्रखंड के ग्राम-मोचारीन से कोशिला पथ का निर्माण वर्ष 2011-12 में किया गया था जो अब जर्जर हो गया है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत वर्ष 2010 में पूर्ण हो गया था । इसकी कुल लम्बाई 13.90 किलो मीटर है । वर्तमान में यह पथ अनुरक्षण अवधि से बाहर है ।

बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 के अन्तर्गत प्रश्नाधीन पथ का प्राक्कलन स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तद्नुसार इसकी मरम्मती करायी जानी संभव हो सकेगी ।

पुल का निर्माण

*2215. <u>श्रीमती कुंती देवी</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-सोनसा तथा ग्राम-सीमा के सामने पैमार नदी में पुल नहीं है, जिससे आम जनता को नदी पार करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

रोड निर्माण करना

*2216. <u>श्री अशोक कुमार</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान सभा से होकर गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी के बायें तटबन्ध में खैरी गाँव के 118.20 कि0 मी0 से मथुरापुर के 138.00 कि0 मी0 तक तटबंध जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बूढ़ी गंडक नदी के बायें तटबन्ध के 118.20 कि0 मी0 से 138.00 कि0 मी0 तक ऊँचीकरण कर ऑल वेदर (इंटरमेडिएट लेन नुमा) रोड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विधायक आवास की मरम्मती

*2217. <u>श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में दरोगा राय पथ स्थित विधायक आवास ब्लॉक ए0 बी0 सी0 में आवासों की मरम्मती, पानी टंकी, गेट, रेलिंग, पानी निकासी के लिए नाला निर्माण इत्यादि कार्यों के नहीं होने से स्थिति नारकीय हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विधायक आवास को ठीक कराकर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

लाइट का मरम्मत

*2218. <u>श्रीमती रंजू गीता</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी मुख्यालय बाजार स्थित शहीद रामफल मंडल टावर चौक व सोनमनी टोल चौक पर लगा हाईमास्क लाइट करीब 5 वर्षों से खराब है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित हाईमास्क लाईट को मरम्मत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नदी पर पुल निर्माण

*2219. <u>श्री अशोक कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में शिवगंज-रफीगंज पथ से देव-टंडवा पथ को जोड़ने वाली पथ में ग्राम-बड़ी एरकी के पास केसर नदी पर पुल नहीं है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पथ में ग्राम-बड़ी एरकी के पास केसर नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 योजनान्तर्गत निमार्णाधीन पथ टी03 से एरकीकला कुल लम्बाई 1.50 कि0 मी0 के चेनेज संख्या 450 मीटर पर अवस्थित है। पूर्व से इस स्थल पर 4 x 4 मीटर x3 मीटर आकार का पुल निर्मित है, जो संकीर्ण है। चेनेज संख्या 0 से 450-मीटर में निजी जमीन के कारण भूमि विवाद है। भूमि विवाद के निपटारे के उपरांत उक्त स्थल पर पुल निर्माण हेतु टेक्नो फिजिबिलिटी की माँग की जायेगी । समीक्षोपरान्त अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

बकाया का भुगतान

*2220. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामाजिक, आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना 2011 का कार्य नालन्दा एवं शेखपुरा जिला में इ0 एम0 डी0 डिजीट्रोनिक्स प्रा0 लि0 को वर्ष 2012 में आवंटित किया गया था जिसे इ0 एम0 डी0 डिजीट्रोनिक्स प्रा0 लि0 द्वारा चोपड़ा टेक्नोकेयर को आवंटित कर उनसे कार्य कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि चोपड़ा टेक्नोकेयर का नालन्दा एवं शेखपुरा में किये गये कार्य मद में 1,73,45,000 रुपये का भुगतान इ0 एम0 डी0 डिजीट्रोनिक्स प्रा0 लि0 द्वारा नहीं किया है जिससे चोपड़ा टेक्नोकेयर के कर्मी वेतन के अभाव में भूखमरी एवं बेरोजगारी के कगार पर हैं, जबकि इ0 एम0 डी0 डिजीट्रोनिक्स प्रा0 लि0 द्वारा भागलपुर एवं किशनगंज में आधार पंजीकरण कार्य भी किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चोपड़ा टक्नोकेयर के बकाया का भुगतान करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2221. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के ग्राम-चन्दनवारा में बंगाली टोला आर0 के0 ओ0 सड़क से कब्रिस्तान होते हुए बैध तक की सड़क काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2222. डॉ0 अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत शिवाजीनगर प्रखण्ड में हाँसोपुर-बललीपुर पथ के बागमती नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण चार वर्ष पूर्व हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्चस्तरीय पुल के पूर्वी एप्रोच से बागमती बाँध तक 240 मीटर में पहुँचपथ नहीं बनने के कारण यातायात अवरुद्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल को जनोपयोगी बनाने के लिए पूर्वी भाग का पहुँचपथ बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराना

*2223. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के जैतपुर शाखा नहर से 16.8 आर० डी० कमालपुर उप-वितरणी एवं 21.00 आर० डी० जमालपुर उप-वितरणी के जर्जर रहने एवं गाद भर जाने से विगत 10 वर्षों से किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों उप-वितरणी से गाद की सफाई एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2224. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंघवारा प्रखंड के चोरदीर से बहेड़ी भाया-करौनी 3.6 कि० मी० एवं कटासा से भवनीपुर पी० एम० जी० एस० वाई० सड़क जर्जर हालत में है, जिस पर बारिश में भी जल-जमाव होता है और आवागमन में असुविधा उत्पन्न होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2225. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत शर्फुद्दीनपुर से केवटसा जाने वाली पथ जो बंदरा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है उसको ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में दो वर्ष एवं अधिग्रहित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल -1 मुजफ्फरपुर द्वारा दिनांक 28 अप्रील, 2018 को उक्त पथ के निर्माण की निविदा की गयी थी एवं इस पथ के निर्माण हेतु शुभम कंस्ट्रक्शन नाम की कंपनी को कार्य आवंटित किया गया था, परन्तु कंपनी द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2226. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशरी प्रखंड अन्तर्गत रजवाड़ा पेठिया से मणिका ढ़ाला तक की सड़क जर्जर स्थिति में है, साथ ही बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2227. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के सिरौली प्रथम पंचायत के मेहदीनगर से रामनगरा बाजार तक सिरौली द्वितीय पंचायत के प्रमोद ठाकुर के घर से सिरौली तक एवं मठटोला पुस्तकालय से बलुआ तक पी० सी० सी० पथ का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पी० सी० सी० पथ का निर्माण कराकर ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पटना :
दिनांक 24 जुलाई, 2019 (ई०)।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि०स०मु० 50 (एल०ए०), 2019-20 डी०डी०पी०-550